पत्रांक– मु0स्था0 44/2011 2202 /प0व0

बिहार सरकार

पर्यावरण एवं वन विभाग

प्रेषक,

रामावतार राम,
सरकार के विशेष सचिव।

सेवा में,

सभी प्रमंडलीय आयुक्त
सभी जिला पदाधिकारी

पटना–15 दिनांक–04.08.2011

विषयः– **पृथ्वी दिवस–9 अगस्त, 2011** के आयोजन के अवसर पर **वृक्षारोपण** हेतु पौधे उपलब्ध कराने के संबंध में ।

महाशय,

विषयगत संदर्भ में निदेशानुसार कहना है कि पूरे राज्य में **9 अगस्त, 2011** को **पृथ्वी दिवस** के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया है। इस अवसर पर **राज्य के सभी सरकारी एवं गैर सरकारी उच्च विद्यालयों में वृक्षारोपण एवं संकल्प सभा** का आयोजन किया जायेगा तथा विद्यालय की प्रार्थना सभा में या प्रत्येक कक्षा की प्रथम घंटी में **छात्रों के द्वारा संकल्प पत्र के अनुसार संकल्प** लिया जायेगा। पृथ्वी दिवस के इस अवसर पर उच्च विद्यालयों में आयोजित इस कार्यक्रम के तहत **प्रत्येक विद्यालयों के परिसर में या विद्यालय के बाहर पाँच पौधे** लगाये जायेंगे तथा उनके **संरक्षण** की व्यवस्था की जायेगी। मानव संसाधन विकास विभाग के द्वारा इस आशय का निदेश सभी जिला शिक्षा पदाधिकारियों को निर्गत किया जा चुका है।

आयोजन के तहत निर्दिष्ट स्थल पर **पौधारोपण के लिए पौधे वन विभाग से उपलब्ध** कराने की व्यवस्था की गई है। इस व्यवस्था का दायित्व **सभी वन प्रमंडल पदाधिकारी** एवं **पर्यावरण एवं वन विभाग के अन्य क्षेत्रीय पदाधिकारियों** को सौंपा गया है।

वर्णित आलोक में अनुरोध है कि विषयांकित कार्यक्रम के आयोजन की शत प्रतिशत सफलता तथा पौधारोपण के निमित्त अपने स्तर से भी कार्रवाई करने की कृपा की जाय।

विश्वासभाजन

04/8/11

(रामावतार राम)
सरकार के विशेष सचिव।

ज्ञापांक–मु0स्था0 44/2011 2202 /प0व0, पटना–15 दिनांक–04.08.2011

प्रतिलिपिः– प्रधान मुख्य वन संरक्षक, पटना को भेजते हुए अनुरोध है कि कृपया इस पत्र को अपने स्तर से सभी पदाधिकारी को आज ही फैक्स कराने की व्यवस्था की जाय तथा विषयांकित आयोजन के लिए राज्य के सभी उच्च विद्यालय में पौधारोपण के लिए सुलभ एवं सरल व्यवस्था के तहत पौधे उपलब्ध कराने के निमित्त सभी वन प्रमंडल पदाधिकारी को भी निदेशित करने की कृपा की जाय।

04/8/11

(रामावतार राम)
सरकार के विशेष सचिव।

ज्ञापांक–मु0स्था0 44/2011 2202 /प0व0, पटना–15 दिनांक–04.08.2011

प्रतिलिपि– प्रधान सचिव, मानव संसाधन विकास विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

04/8/11

(रामावतार राम)
सरकार के विशेष सचिव।